www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, सोमवार, 11 मई 2026

### सुविचार



एक बार एक युवक को एक अच्छी सलाह प्राप्त करते हुए मैंने सुना था कि, "हमेशा वह कार्य करो जिसको करने से आप डरते हैं।

- राल्फ वाल्डो एमर्सन

### लखनऊ के प्रमुख समाचार


- पुलिस की ढिलाई से बढ़ा वैभव का दुस्साहस II
- लोक कला उत्सव में मां के साथ बेटियों ने किया नृत्य III
- यूपी पुलिस ने जीते टेबल टेनिस में दोनों वर्गों के खिताब IV


### शहर में आज



- एसजीपीजीआई में नर्सिंग सप्ताह के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन- 2:00 बजे से।

☞ 'पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में 100 नंबरों के लिए ही खुलते हैं ट्रिपल आर सेंटर

- कूड़े को रिड्यूस, रियूज, रिसाइकल के उद्देश्य से बनाए गए थे
- रिसाइकल करने लिए बने ये सेंटर कागजों पर ही संचालित

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम के सभी 110 वार्डों में बने ट्रिपल आर सेंटर शो-पीस बनकर रह गए हैं। सेंटर कूड़े को रिड्यूस, रियूज और रिसाइकल करने के उद्देश्य से बनाए गए सेंटर कागजों पर ही संचालित हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण के समय ही नगर निगम के अधिकारियों को इनकी याद आती है।

दरअसल स्वच्छ सर्वेक्षण में इन सेंटर के 100 अंक निर्धारित हैं। ये सेंटर स्वच्छ सर्वेक्षण के समय खुलते हैं और फिर पूरे साल बंद हो जाते हैं। इनमें न कर्मचारी रहता है न कोई सामान लेने वाला। इससे इन सेंटरों का उद्देश्य केवल अंक बटोरने तक सीमित रह गया है। ट्रिपल आर सेंटर खोलने का उद्देश्य घरों में पड़ी बेकार की वस्तुओं से काम का सामान बनाया जाना है। जरूरतमंद इन सेंटरों से अपने काम की वस्तुएं निःशुल्क ले सकते हैं। इससे घरों में पड़ा कूड़ा इधर-उधर फेंका नहीं जाएगा। इसे सेंटरों में दोबारा इस्तेमाल किया जाएगा और रिसाइकल करके काम की वस्तुएं बनाई जाती हैं। लेकिन लखनऊ नगर निगम इन सेंटरों का सही तरीके से इस्तेमाल शुरू नहीं कर पाया है।

### कर्मचारी हैं न कोई सामान लेने वाला

- नगर निगम ने तीन वर्ष पहले प्रत्येक वार्ड में एक आरआरआर सेंटर खोल तो दिए लेकिन इनका संचालन अभी तक सही तरीके से नहीं कर पाया है। इनमें कर्मचारी हैं न कोई सामान लेने वाला। दरअसल जब लोग इन सेंटरों पर घर में पड़ी बेकार वस्तुएं जैसे कपड़े और अन्य वस्तुएं देने जाते हैं तो वहां ताला लटका मिलता है या कोई सामान लेने वाला तक नहीं होता है। इससे लोग सामान कूड़े में फेंक देते हैं।



बंद पड़ा ट्रिपल आर सेंटर। अमृत विचार

## तेज धूप निकली तो पारा पहुंचा 35 डिग्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुबह से निकली तेज धूप से राजधानी में पारा धीरे-धीरे चढ़ने लगा है। रविवार को अधिकतम तापमान लगभग 1 डिग्री सेल्सियस बढ़कार 35 डिग्री पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी करीब 1 डिग्री बढ़कर 25.6 डिग्री पहुंच गया। दिन भर निकली तेज धूप ने लोगों को परेशान किया। 20-30 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलने से तेज धूप के बाद भी तापमान में उम्मीद के मुताबिक बढ़ोतरी नहीं हुई।

### सिटी ब्रीफ

#### 17 तक अटल नगर के फ्लैटों का पंजीयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की देवपुर पारा स्थित अफोर्डेबल हाउसिंग स्कीम 'अटल नगर योजना' के फ्लैट खरीदने के लिए 17 मई तक पंजीयन किए जाएंगे। प्राधिकरण ने 630 फ्लैटों का पंजीयन खोल रखा है। सिर्फ एक सप्ताह शेष है। योजना में 1 बीएचके के 539 एवं 2 बीएचके के 91 फ्लैट बिक्री में लगाए गए हैं। पंजीकरण सिर्फ एलडीए की वेबसाइट के माध्यम से किए जाएंगे। इसके बाद भवनों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। आवासीय योजना में 12 से लेकर 19 मंजिल के 15 टावर में 30 वर्गमीटर से लेकर 54.95 वर्गमीटर फ्लैट निर्मित हैं। कीमत लगभग 9.82 लाख रुपये से शुरू होती है। 17 मई तक दूसरे चरण का पंजीयन खोला गया है।

#### आरआरआर सेंटर का महापौर ने किया शुभारंभ

**अमृत विचार, लखनऊ :** महापौर सुषमा खर्कवाल ने रविवार को राजाजीपुरम में ट्रिपल आर सेंअर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। महापौर ने कहा कि आरआरआर सेंटर का उद्देश्य केवल कचरा प्रबंधन तक सीमित नहीं है बल्कि लोगों में पर्यावरण संरक्षण एवं संसाधनों के पुनः उपयोग के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल कचरे में कमी आएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

#### डाकघर आवासीय कालोनी में सड़क बनवाने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट के शाहपुर डाकघर आवास कालोनी के निवासियों ने पार्षद ममता रावत को पत्र लिखकर सड़क बवनाने की मांग की है। उनका कहना है कि मुख्य मार्ग को गणपति विहार कालोनी की सड़क से जोड़ने से निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। साथ ही डाकघर कालोनी के अंदर होने वाले जलभराव को दूर करने के लिए सड़क एवं नाली का निर्माण जगन्नाथ दूध डेरी से मनोज श्रीवास्तव के घर तक किया जाना अति आवश्यक है। राकेश, जुगनू, प्रदीप, राजेश यादव, मदन गोपाल त्रिपाठी सहित क्षेत्रीय निवासियों का कहना है कि सड़क पर प्रकाश की व्यवस्था और पार्क की बाउंड्री भी बनाई जाए, जिससे क्षेत्र में अराजक तत्वों द्वारा की जाने वाली अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके।

#### गोमती से निकाला 15 क्विंटल कचरा

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वच्छ पर्यावरण सेना ने रविवार को अभियान चलाकर गोमती नदी से 15 क्विंटल कचरा तथा सैकड़ों की संख्या में देवी-देवताओं की मूर्तियां बाहर निकालीं। संयोजक रणजीत सिंह के नेतृत्व में सुबह 2 घंटे अभियान चलाकर स्वयंसेवकों ने नदी से कचरा, पॉलीथिन, पूजन विसर्जन सामग्री आदि बाहर निकाली। संयोजक ने गोमती नदी में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार गोमती नदी सफाई पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है लेकिन नदी की गंदगी खत्म नहीं हुई।

#### नए भवन में शिफ्ट होगा विहित न्यायालय

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण का विहित न्यायालय हजरतगंज में सरोजिनी नायडू पार्क के पास नये भवन में शिफ्ट होगा। जुलाई में भवन बनकर तैयार हो जाएगा और शिफ्टिंग कर दी जाएगी। पुराने भवन में रिकार्ड रूम के लिए हाईटेक बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभी विहित न्यायालय लालबाग स्थित एलडीए के पुराने भवन में संचालित है। नया भवन सुविधाओं से लैस होगा। इसका निर्माण 11,300 वर्गफीट भूमि पर किया गया है। बिल्डिंग तीन मंजिल की है। इसमें स्टिल्ट पार्किंग की सुविधा मिलेगी। कार्य 90 फीसद तक पूर्ण हो चुके हैं। जुलाई में भवन तैयार होते ही विहित न्यायालय शिफ्ट कर दिया जाएगा। यहां विहित प्राधिकारी बैठेंगे। जो अवैध निर्माण, संपत्ति, मानचित्र, रजिस्ट्री, कब्जा आदि मामलों की सुनवाई करेंगे। वहीं, पुराने कार्यालय को रिकॉर्ड रूम बनाया जाएगा।

# खांसी में खून आना कैंसर का भी संकेत

## केजीएमयू में हुई कार्यशाला में रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने किया सचेत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** खांसी में खून आना हमेशा टीबी का लक्षण नहीं होता, ये फेफड़ों के कैंसर, ब्रोंकाइटिस, ब्रोंकिइक्टेसिस, निमोनिया और पोस्ट-टीबी जैसी गंभीर बीमारियों का संकेत भी हो सकता है। ये जानकारी केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने रविवार को आयोजित ब्रोंकोस्कोपी कार्यशाला में दी। इसमें प्रदेशभर के 250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इंडियन एसोसिएशन फॉर ब्रोंकोलॉजी एवं केजीएमयू की ओर से अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में बेसिक ब्रोंकोस्कोपी सर्टिफिकेशन कोर्स एवं हैंड्स-ऑन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें ब्रोंकोस्कोपिक मैनेजमेंट ऑफ हेमोप्टाइसिस विषय पर डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि हेमोप्टाइसिस यानी खांसी में खून आना रेस्पिरेटरी मेडिसिन की सबसे गंभीर और चुनौतीपूर्ण आपात स्थितियों में से एक है। ऐसे मामलों में सही कारण की पहचान और समय पर उपचार मरीज की जान बचाने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि आम धारणा के विपरीत हर हेमोप्टाइसिस का कारण टीबी नहीं होता। कई बार फेफड़ों का कैंसर या अन्य संक्रमण भी इसके पीछे हो सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सही निदान के लिए ब्रोंकोस्कोपी अत्यंत प्रभावी जांच तकनीक है।

विशेषज्ञों ने बताया कि सांस की नली को ब्रोंकस कहा जाता है और उसकी दूरबीन से जांच की प्रक्रिया को ब्रोंकोस्कोपी कहते हैं। कार्यशाला के निदेशक मुंबई आईएबी की सचिव डॉ. अमिता नेने और केजीएमयू के रेस्पिरेटरी मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत रहे। समन्वयन एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. ज्योति बाजपेयी और मेदांता हॉस्पिटल के डॉ. अभिषेक टंडन ने किया। वरिष्ठ पल्मोनोलॉजिस्ट डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, डॉ. केबी गुप्ता, डॉ. एसएन गुप्ता, डॉ. अजय वर्मा, डॉ. आनंद गुप्ता, डॉ. अशोक कुमार सिंह, डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. हूडा शमीम एवं डॉ. रचित शर्मा सहित कई विशेषज्ञ मौजूद रहे।



सीपीएपी प्रशिक्षित टीम और कंगारू मदर केयर से गंभीर नवजात की देखभाल का प्रशिक्षण लेते चिकित्सक। अमृत विचार

### गोल्डन मिनट में सही उपचार से रोकी जा सकेगी नवजात मृत्यु व दिव्यांगता

- **अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं स्वास्थ्य विभाग ने नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम के सहयोग से रविवार को प्रदेशभर में नियोनेटल रेससिटेशन प्रोग्राम (एनआरपी) के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कराया। वीरांगना अवंतीबाई जिला महिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन अपर निदेशक, प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) डॉ. अजय गुप्ता, महाप्रबंधक (बाल स्वास्थ्य) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. मिलिंद वर्धन व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान ने किया। डॉ. अजय गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम स्वास्थ्यकर्मियों को जन्म के समय होने वाली श्वासावरोध (बर्थ एस्फिक्सिया) एवं अन्य गंभीर परिस्थितियों के वैज्ञानिक प्रबंधन में दक्ष बनाता है। डॉ. मिलिंद वर्धन ने बताया कि मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल के निर्देशन में प्रदेश में पहली बार इतने व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें लगभग सभी प्रसव केंद्रों के बाल रोग विशेषज्ञों, लेबर रूम एवं एनबीएसयू स्टाफ को ''गोल्डन मिनट'' के भीतर नवजात पुनर्जीवन का प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. मिलिंद ने बताया कि प्रदेश के सभी 75 जनपदों में कुल 205 प्रशिक्षण केंद्रों पर करीब 6,000 बाल रोग विशेषज्ञों, लेबर रूम एवं एनबीएसयू स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने इस पहल के लिए नेशनल नियोनेटोलॉजी फोरम के सचिव डॉ. आकाश पंडिता एवं केजीएमयू की बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. शालिनी त्रिपाठी का विशेष धन्यवाद दिया। चिकित्सालय की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ज्योति मल्होत्रा ने बताया कि जनपद में यह प्रशिक्षण वीरांगना अवंतीबाई जिला महिला अस्पताल, केजीएमयू, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल एवं कमांड अस्पताल में आयोजित किया गया। वीरांगना अवंतीबाई चिकित्सालय के बाल रोग चिकित्सकों, स्टाफ नर्स एवं रेजिडेंट्स सहित विभिन्न नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और संयुक्त चिकित्सालयों के 80 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। प्रशिक्षक डॉ. सलमान ने प्रतिभागियों को नवजात पुनर्जीवन की मानक प्रक्रियाओं एवं गोल्डन मिनट के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक प्रसव प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी की देखरेख में कराया जाना चाहिए। प्रशिक्षण में डॉ. फैजान, केजीएमयू के रेजिडेंट्स डॉ. मुकुल एवं डॉ. रिचा तथा यूपीटीएसयू की नर्स मेंटर कीर्ति ने प्रशिक्षक के रूप में सहयोग किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रेनू पंत, चिकित्सक, कर्मचारी एवं सहयोगी संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफॉर) के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### ऑपरेशन के बाद संक्रमण रोकना सबसे बड़ी चुनौती

- **अमृत विचार, लखनऊ :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस सप्ताह के तहत आयोजित नर्सिंग वेबिनार में ऑपरेशन के बाद होने वाले संक्रमण की रोकथाम पर विशेषज्ञों ने चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि ऑपरेशन थिएटर में स्वच्छता, उपकरणों की सही स्टरलाइजेशन प्रक्रिया और मरीज की बेहतर तैयारी संक्रमण के खतरे को काफी हद तक कम कर सकती है। एम्स दिल्ली की नर्सिंग विशेषज्ञ मीरा प्रजापति ने कहा कि सर्जरी के बाद होने वाला संक्रमण न केवल मरीज की तकलीफ बढ़ाता है, बल्कि इलाज की अवधि और खर्च भी बढ़ा देता है। उन्होंने हाथों की स्वच्छता, समय पर एंटीबायोटिक दवा और वैज्ञानिक तरीके से की गई नर्सिंग व्यवस्था को संक्रमण रोकने में बेहद अहम बताया। वेबिनार में बर्दवान मेडिकल कॉलेज की प्रोफेसर उमा रानी अधिकारी, एलएलआरएम मेडिकल कॉलेज मेरठ की प्रोफेसर बालमोनी बोस, एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज बरहामपुर की प्रोफेसर राजलक्ष्मी मिश्रा और नारायणा अस्पताल कोलकाता की प्रोफेसर शम्पा गुप्ता ने भी अपने अनुभव साझा किए और मरीजों की सुरक्षा में नर्सिंग स्टाफ की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। पीजीआइ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की नर्सिंग शिक्षक सबाना खातून ने शोध आधारित नर्सिंग देखभाल को व्यवहारिक उपचार प्रक्रिया में लागू करने पर जोर दिया।

## सात माह के प्री-टर्म शिशु ने जीती जीवन की जंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** समय से पहले जन्मा एक नन्हा जीवन, जिसकी पहली सांसें ही संघर्ष से भरी थीं, आज स्वस्थ होकर जीवन की ओर मजबूती से बढ़ रहा है। यह प्रेरणादायक कहानी वीरांगना अवंतीबाई जिला महिला अस्पताल की उस सशक्त नवजात देखभाल प्रणाली की है, जहां 'गोल्डन मिनट' में लिए गए त्वरित निर्णय ने एक नवजात की जान बचा ली।

अस्पताल के वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान ने बताया कि बीते माह रात लगभग एक बजे एक प्रसूता ने सात माह के प्री-टर्म शिशु को जन्म दिया। जन्म के समय बच्चे का वजन मात्र 1610 ग्राम था और वह रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम से ग्रस्त था, जिसके कारण वह स्वयं सांस नहीं ले पा रहा था।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए लेबर रूम में ही ''गोल्डन मिनट'' के भीतर प्रशिक्षित टीम ने तुरंत नवजात को सांस लेने में सहायता दी। प्राथमिक स्थिरीकरण के बाद उसे एसएनसीयू में शिफ्ट किया गया। यहां आधुनिक उपकरणों की मदद से तत्काल सीपीएपी (कंटीन्यूअस पॉजिटिव एयरवे प्रेशर) सपोर्ट शुरू किया गया, जिससे बच्चे की स्थिति धीरे-धीरे स्थिर होने लगी।

अगले लगभग 15 दिनों तक सीपीएपी के माध्यम से ऑक्सीजन सपोर्ट दिया गया। स्थिति में सुधार होने पर कंगारू मदर केयर (केएमसी) शुरू की गई, जिसमें मां जरिए बच्चे को त्वचा से त्वचा संपर्क में रखकर देखभाल दी गई। यह प्रक्रिया अस्पताल में और बाद में घर पर भी जारी रही, जिससे बच्चे का वजन बढ़कर 2.5 किलोग्राम तक पहुंच गया। बच्चा कुल 21 दिन अस्पताल में भर्ती रहा और डिस्चार्ज के समय उसका वजन 1690 ग्राम था। अब वह पूरी तरह से स्वस्थ है। उसका वजन भी सामान्य बच्चों की तरह बढ़ रहा है। डॉ. सलमान के अनुसार ऐसे मामलों में हर मिनट बेहद महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने बताया कि समय पर दिया गया सीपीएपी सपोर्ट बच्चे के लिए जीवन रक्षक साबित हुआ। चूंकि समय से पहले जन्मे शिशुओं के फेफड़े पूरी तरह विकसित नहीं होते, इसलिए उन्हें सांस लेने में कठिनाई होती है, जिसे सीपीएपी के माध्यम से नियंत्रित किया जाता है। स्टाफ नर्स सुनीता पॉल के अनुसार नियमित प्रशिक्षण ने उनकी कार्यक्षमता और आत्मविश्वास को बढ़ाया है, जिससे 'गोल्डन मिनट' में त्वरित और प्रभावी उपचार संभव हो सका।

### जिला स्तर पर मजबूत होती नवजात देखभाल व्यवस्था

- अस्पताल प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. ज्योति मल्होत्रा के अनुसार सीपीएपी सुविधा शुरू होने के बाद गंभीर नवजात मामलों के उपचार में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। हर माह लगभग 150 नवजातों का इलाज किया जाता है, जिनमें 10 से 15 बच्चों को सीपीएपी सपोर्ट की आवश्यकता होती है। लगभग 80 प्रतिशत मामलों में सफलता मिल रही है। 18 बेड का यह एसएनसीयू अब आसपास के कई जिलों के लिए रेफरल हब के रूप में कार्य कर रहा है। यहां पांच डॉक्टर और 16 स्टाफ नर्स लगातार सेवा दे रहे हैं।

### समय पर पहचान और आधुनिक इलाज से कैंसर को हरा रहे बच्चे

- **अमृत विचार, लखनऊ :** कभी जानलेवा और लाइलाज मानी जाने वाली बच्चों में कैंसर की बीमारी अब आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की बदौलत काफी हद तक काबू में है। यदि बीमारी की समय रहते पहचान कर सही इलाज शुरू कर दिया जाए, तो कई प्रकार के बाल कैंसर में बच्चों के पूरी तरह स्वस्थ होने की संभावना 80 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच चुकी है। कैंसर विशेषज्ञों ने ये जानकारी रविवार को वर्षा फाउंडेशन की ओर से केजीएमयू कलाम सेंटर में राष्ट्रीय कैंसर सर्वाइवर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम में साझा की। फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया समारोह में केजीएमयू के पीडियाट्रिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. एसएन सिंह, पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. निशांत वर्मा और डॉ. विनोद कुमार सहित 100 से अधिक कैंसर विजेता परिवार मौजूद रहे। डॉक्टरों के अनुसार बच्चों में होने वाले कैंसर, वयस्कों के कैंसर से अलग होते हैं और इनके इलाज की प्रक्रिया भी विशेष होती है। बच्चों में सबसे ज्यादा पाए जाने वाले कैंसर में ब्लड कैंसर (ल्यूकेमिया), ब्रेन ट्यूमर, लिम्फोमा और विल्म्स ट्यूमर प्रमुख हैं। चिकित्सकों ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों में लगातार बुखार रहना, अत्यधिक कमजोरी, तेजी से वजन घटना, शरीर में गांठ, बार-बार संक्रमण होना या हड्डियों में दर्द जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करें। ऐसे संकेत दिखाई देने पर तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से जांच कराना जरूरी है।



कैंसर से लड रहे बच्चो के साथ डॉ. एसएन सिंह और प्रो. निशांत वर्मा। अमृत विचार

### जागरूक किया

विश्व ल्यूपस दिवस पर केजीएमयू में किया गया वॉकाथॉन का आयोजन

# समय पर पहचान और नियमित उपचार से नियंत्रित हो सकता ल्यूपस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विश्व ल्यूपस दिवस के अवसर पर रविवार को किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के क्लिनिकल इम्यूनोलॉजी एवं रूमेटोलॉजी विभाग की ओर से ल्यूपस जागरूकता वॉकाथॉन का आयोजन किया गया।

विभाग से रूमी दरवाजा तक निकाली गई इस वॉकाथॉन का उद्देश्य आमजन को ल्यूपस जैसी गंभीर ऑटोइम्यून बीमारी के प्रति जागरूक करना व समय पर जांच और उपचार के महत्व को बताना था। कार्यक्रम का नेतृत्व विभागाध्यक्ष डॉ. पुनीत कुमार ने किया। वॉकाथॉन में चिकित्सकों, रेजिडेंट डॉक्टरों, मरीजों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी कर जागरूकता का संदेश दिया।

इस अवसर पर कॉम्प्रिहेंसिव ल्यूपस केयर हैंडबुक का लोकार्पण डॉ. पुनीत कुमार एवं डॉ. मुकेश कुमार मौर्य ने किया। डॉ. पुनीत ने बताया कि इस पुस्तिका में मरीजों और उनके परिजनों को सरल भाषा में बीमारी, उसके लक्षण, उपचार और सावधानियों की जानकारी दी गई है।

### महिलाओं में अधिक खतरा

- विशेषज्ञों ने बताया कि ल्यूपस पुरुषों की तुलना में महिलाओं में लगभग नौ गुना अधिक पाया जाता है। विशेषकर 15 से 45 वर्ष आयु वर्ग की महिलाएं इस बीमारी से अधिक प्रभावित होती हैं।



विश्व ल्यूपस दिवस के अवसर पर आयोजित वॉकाथॉन में शामिल लोग। अमृत विचार

### बीमारी के प्रमुख लक्षण

- ल्यूपस के सामान्य लक्षणों में बार-बार बुखार आना, अत्यधिक थकान, जोड़ों में दर्द और सूजन, चेहरे पर तितली के आकार जैसे लाल चकत्ते, बाल झड़ना, धूप से एलर्जी, मुंह में छाले तथा किडनी सहित अन्य अंगों पर प्रभाव शामिल हैं। चिकित्सकों ने बताया कि यदि समय रहते बीमारी की पहचान कर नियमित उपचार शुरू किया जाए तो मरीज सामान्य जीवन जी सकता है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और किसी भी असामान्य लक्षण पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने के लिए प्रेरित किया गया।

### क्या है ल्यूपस

- डॉ. पुनीत और डॉ. मुकेश के मुताबिक ल्यूपस या सिस्टमिक ल्यूपस एरिथेमेटोसस (एसएलई) एक गंभीर ऑटोइम्यून बीमारी है, जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली गलती से अपने ही अंगों पर हमला करने लगती है। यह रोग त्वचा, जोड़ों, किडनी, फेफड़ों, हृदय और मस्तिष्क समेत शरीर के कई महत्वपूर्ण अंगों को प्रभावित कर सकता है। डॉ. मुकेश ने कहा कि जागरूकता की कमी के कारण कई मामलों में रोग की पहचान देर से हो पाती है, जिससे स्थिति गंभीर हो सकती है। उन्होंने लोगों से शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज न करने और नियमित चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की।

## एलडीए का पार्क तोड़ कब्जा, बनाए मकान

**अमृत विचार, लखनऊ :** हुसैनगंज में एलडीए के पार्क को तोड़कर मकान बन गए। अवैध निर्माण से रास्ता सकरा हो गया है। शिकायत के आधार पर कब्जेदारों को नोटिस जारी हुए। ध्वस्तीकरण की चेतावनी दी गई लेकिन, कार्रवाई नहीं हुई। बल्कि आईजीआरएस पर समाधान कर दिया गया। बाबू बनारसीदास वार्ड-55 निवासी पूनम शर्मा ने बताया कि छितवापुर भुइयन शिवालय के पास एलडीए के पार्क और सामुदायिक शौचालय को भू-माफिया ने तोड़कर कब्जा कर लिया। सरकारी जमीन पर पांच से छह लोगों ने मकान बना लिए। सड़क की जगह पर भी निर्माण कर लिया। इससे रास्ता सकरा हो गया। लोगों के आने-जाने में परेशानी होती है। पार्क व अन्य सुविधाओं से भी वंचित हो गए। स्थानीय लोगों के साथ एलडीए कार्यालय के समेत आईजीआरएस पर शिकायतें की।

# पुलिस की ढिलाई से बढ़ा वैभव का दुस्साहस

## 2025 में दो अज्ञात के साथ किया था चाकू से हमला, तब पुलिस ने नहीं की थी कोई कार्रवाई, अब गिरफ्तार कर भेजा जेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दोस्त श्याम और वैभव में महाराज की उपाधि से बढ़ी थी दुश्मनी
- पत्नी ने दर्ज कराई हत्या के प्रयास एससीएसटी एक्ट में रिपोर्ट

अमृत विचार Follow UP

**अमृत विचार :** बाजारखाला के मेहंदीगंज में शनिवार देर रात भाजयुमो नेता श्याम चेतन तिवारी को गोली मारने की घटना ने पुलिस की कार्यशैली को कठघरे में खड़ कर दिया है। गुंडा एक्ट के आरोपी रहे वैभव और श्याम में पहले दोस्ती थी। महाराज की उपाधि के बाद दोस्ती दुश्मनी की वजह बन गई। चेतन पर पहले भी हमले में रिपोर्ट हुई, लेकिन पुलिस खानापूर्ति करती रही। अब गोली मारने के बाद पुलिस ने वैभव को गिरफ्तार कर हमले में प्रयुक्त पिस्टल बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

9 मई की रात करीब 10 बजे मेहंदीगंज में घर के सामने श्याम चेतन तिवारी को गोली मारी गई थी। पत्नी मानसी उर्फ श्वेता तिवारी की तहरीर पर बाजारखाला कोतवाली में वैभव बाजपेई, हर्षित बाजपेई समेत अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास, धमकी, गाली-गलौज और एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गयी है। मामले की विवेचना एसीपी बाजारखाला वीरेंद्र विक्रम ने शुरु कर दी है। एसीपी ने बताया कि नामजद अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपी वैभव ने पूछताछ में बताया कि वर्ष 2023 तक उसकी और चेतन की गहरी दोस्ती थी, लेकिन बाद में विवाद शुरू हो गया। वैभव ने बताया कि उसके बाबा पुत्तन बाजपेई को लोगों ने महाराज की उपाधि दी थी। करीब दो साल से श्याम चेतन तिवारी ने अपने नाम के आगे महाराज लिखना शुरु कर दिया था। इसपर उनके बीच विवाद हुआ और दोस्ती धीरे-धीरे दुश्मनी में बदल गई। बाद में इलाके में होर्डिंग लगाने को लेकर दोनों पक्षों में तनातनी बढ़ गई।

दिसंबर 2024 में चेतन ने वैभव व उसके घरवालों पर दो रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पत्नी ने बताया कि 9 अप्रैल 2025 को चेतन पर वैभव व दो अज्ञात ने चाकू से हमला किया था। मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई, लेकिन बाजारखाला पुलिस ने कोई कड़ी कार्रवाई नहीं की। पति चेतन कई बार कोतवाली गए। कार्रवाई की मांग की लेकिन पुलिस ने कुछ नहीं किया। इसी लापरवाही के चलते वैभव की हिम्मत इतनी बढ़ गई कि उसने चेतन को गोली मार दी। घटना के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया। इंस्पेक्टर व चौकी इंचार्ज समेत जिम्मेदार पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की मांग उठाई। डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित ने बताया कि आरोपी वैभव की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त .32 बोर की देशी पिस्टल भी बरामद कर ली गई है। साथ ही हर्षित व अन्य आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। वहीं, इलाके में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।



भाजयुमो कार्यकर्ता श्याम चेतन पर फायरिंग करता हमलावर और भागते हुए हमलावर का पीछा करते लोग।

### वैभव पर दर्ज थे आठ मामले

- इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि आरोपी वैभव के खिलाफ वर्ष 2023 से लेकर 2025 तक बाजारखाला थाने में मारपीट, धमकी, जानलेवा हमला और गुंडा एक्ट समेत सात आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके बाद भी वह गुंडई करता था। आरोपी के खिलाफ तीन मामले चेतन तिवारी और मामले आशीष साहू ने दर्ज कराए थे। इसके अलावा वर्ष 2023 और 2025 में पुलिस ने गुंडा एक्ट की कार्रवाई की थी।

### उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, आनंद और नीरज ने अस्पताल जाकर जाना हाल

- अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू में भर्ती भाजयुमो कार्यकर्ता चेतन तिवारी पर हमले के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, नीरज सिंह, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने अस्पताल जाकर घायल कार्यकर्ता का हालचाल जाना और चिकित्सकों से स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। उनके परिजनों और समर्थकों से मुलाकात कर हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि हमले में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



केजीएमयू में भर्ती घायल चेतन तिवारी का हाल पूछते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक।

### 20 सेकेंड में दिया वारदात को अंजाम सीसीटीवी में कैद

- छानबीन के दौरान पुलिस को घटनास्थल पर लगे एक सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग मिली है। कैमरे में दिखा कि मनबढ़ आरोपी वैभव ने महज 20 सेकेंड में ताबड़तोड़ फायरिंग की और उसके बाद असलहा लहराते हुए फरार हो गया। पुलिस ने साक्ष्य के तौर पर रिकार्डिंग को कब्जे में ले लिया है।

### पांच गोलियां चलाईं चश्मदीद पर भी किया था फायर

- प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना के दौरान आरोपी वैभव पैदल अकेले पिस्टल लेकर आया। उसने चेतन पर फायर किया। गोली लगते ही चेतन गिर गया। पास खड़े उदयराज रावत नामक व्यक्ति ने पकड़ने का प्रयास किया तो आरोपी ने पिस्टल से उसपर फायर झोंक किया, लेकिन वह बाल-बाल बच गया। आरोपी वैभव ने चेतन पर पांच फायर किए थे, लेकिन चार मिस हो गए थे। एफआईआर में उदयराज रावत पर हमले की बात को जोड़ा गया, जिसके चलते वैभव पर एससीएसटी की धारा बढ़ाई गई है।

## सिटी ब्रीफ

### फ्लैट पर कब्जा करने वाले बिल्डर समेत दो पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट इलाके में स्थित जेड स्क्वायर में एक फ्लैट पर बिल्डर ने महिला साथी के संग मिलकर कब्जा कर लिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बस्ती जिले के ग्राम डुहवा निवासी प्रियांशु सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने गोमतीनगर के विकल्प खंड स्थित जेड स्क्वायर अपार्टमेंट में फ्लैट संख्या-203 रजिस्ट्री कराया था। इसके बावजूद बिल्डर जहीर अहमद ने धोखाधड़ी करते हुए उक्त फ्लैट पर शकीला नाम की महिला को अवैध रूप से कब्जा दिला दिया। इसके कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि मामले की शिकायत कई बार संबंधित थाने में की गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे आरोपियों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। प्रियांशु सिंह ने पुलिस अधिकारियों से बिल्डर जहीर अहमद और शकीला की शिकायत की। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक तहरीर के आधार पर जहीर अहमद और शकीला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### बंद मकान में लाखों की चोरी

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर थाना क्षेत्र में चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाया। ताला तोड़कर चोरों ने नकदी और कीमती गहने चोरी कर लिए। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। न्यू गुड़ौरा औरंगाबाद जागीर निवासी नागेश शर्मा ने बताया कि 6 मई को दोपहर करीब 2 बजे वह घर में ताला बंदकर परिवार सहित एक शादी समारोह में शामिल होने उन्नाव स्थित रिश्तेदारी में गए थे। 7 मई की सुबह करीब 7 बजे जब वापस लौटे तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो कमरों और अलमारियों के ताले टूटे पड़े मिले। साथ ही सारा सामान बिखरा हुआ था। पीड़ित ने बातया कि अलमारी में रखे करीब 18 हजार रुपये और कीमती गहने गायब थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**अमृत विचार, आलमबाग :** थाना क्षेत्र में शनिवार रात कुत्ते को बचाने में बाइक सवार दो भाई सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां एक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर रामबाबू सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान अखिलेश कुमार (31) के रूप में हुई। वह कुर्याना इलाके में परिवार के साथ रहकर प्राइवेट जॉब करता था। शनिवार रात अखिलेश अपने फुफेरे भाई धर्मेंद्र के साथ बाइक से आलमबाग चौराहे जाने के निकला था। इस दौरान सड़क पर अचानक कुत्ते के आने से धर्मेंद्र ने ब्रेक लगा दी। जिससे गाड़ी स्लिप कर गयी थी और दोनों बाइक लेकर गिर गए। जमीन से टकराने पर अखिलेश का सिर फट गया था। आननफानन घरवालों ने दोनों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां अखिलेश की मौत हो गई।

### मैरिज लॉन से कुर्सी चोरी, महिला गिरफ्तार

**अमृत विचार, आलमबाग :** कृष्णा नगर इलाके में शनिवार को एक लॉन गार्ड ने कूड़ा बिनने वाली महिला को लान से चोरी आठ कुर्सियों संग पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। बंथरा के पिपरसंड लोनहा निवासी रामखिलावन कृष्णानगर इलाके में अमर प्रीत लॉन में गार्ड की नौकरी करते हैं। राम खिलावन के मुताबिक शनिवार को वह ड्यूटी पर तैनात था। देखा कि नई खरीदी गई प्लास्टिक 8 कुर्सियां लॉन से गायब है। उसकी नजर कूड़ा बिनने वाली महिला लॉन के बाहर बोरे में चोरी की कुर्सियां भर जा रही थी। जिसे रोक उसने तलाशी लिया तो बोरे में उसे गायब हुई आठों कुर्सियां मिल गई। जिसकी जानकारी उसने अपने मालिक को दी और महिला को पुलिस के सुपुर्द कर दिया। कृष्णा नगर इंस्पेक्टर प्रभारी पीके सिंह के मुताबिक पकड़ी गई महिला उर्मिला झोपड़पट्टी कृष्णा नगर रहने वाली है। बरामदगी आधार पर गार्ड की शिकायत पर चोरी की धारा में केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

### निर्माणाधीन भवन से सरिया चोरी करते तीन को पकड़ा

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी के अनंतनगर योजना में पाल बिल्डर्स का निर्माण चल रहा है। शनिवार सुबह निर्माणाधीन भवन के पास से सरिया चोरी करते हुए तीन आरोपियों को पकड़ लिया गया। उनके पास से दो कुंतल सरिया, बाइक बरामद किया गया। पाल बिल्डर्स के सुपरवाइजर आशुतोष कुमार के मुताबिक शनिवार सुबह कंपनी में कार्यरत अंकित कुमार रावत, रोहित रावत और सुनील रावत साइट से करीब दो कुंतल सरिया चोरी कर रहे थे।

# सिपाही के घर रात एक बजे पहुंचे आधा दर्जन पुलिसकर्मी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सोशल मीडिया पर वायरल किया तीसरा वीडियो, कहा- प्रताड़ित कर रहे अधिकारी
- सिपाही ने पुलिस लाइन के आरआई और अधिकारियों पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप
- 7 व 8 मई को वायरल किए थे दो वीडियो, विशेष समिति कर रही जांच

**अमृत विचार :** लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की रिजर्व पुलिस लाइन में आरआई द्वारा ड्यूटी के नाम वसूली और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है। यह आरोप सिपाही सुनील कुमार शुक्ला ने लगाया। इस संबंध में उन्होंने अब तक तीन वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया है। इसमें दो 7 व 8 मई को भ्रष्टाचार के आरोप से संबंधित है। तीसरा वीडियो रविवार को वायरल हुआ। जिसमें सिपाही ने खुद को प्रताड़ित करने की बात कही है। बताया कि रात के 1 बजे काले अंग्रेजों ने मेरे घर 6-7 सिपाही भेजे गये थे। उनको और परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है।

रविवार को वायरल वीडियो में सुनील ने सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्रीजी, मैं पूछना चाहता हूं कि क्या मैं आतंकवादी हूं या नक्सलवादी हूं? क्या मैं किसी हत्या या अपराध का आरोपी हूं? फिर मेरे घर पर रात 1 बजे पुलिस क्यों भेजी गई?

सुनील ने कहा कि उन्हें डराकर चुप नहीं कराया जा सकता है। मैं बता देना चाहता हूं कि मेरी मां ने गीदड़ नहीं शेर पैदा किया है। मुझे इस तरह तोड़ा नहीं जा सकेगा। अगर मुझे शांत करना है तो मेरी हत्या करानी पड़ेगी। सुनील ने खुद को भगत सिंह की विचारधारा से प्रेरित बताया। कहा कि शारीरिक व मानसिक रुप से तोड़ा नहीं जा सकता है। मेरी आवाज को बंद नहीं कराया जा सकेगा। मेरे साथ अब ज्यादती हो रही है।

### भ्रष्टाचार, शोषण अनियमितता को समाप्त करें

सुनील ने कहा कि मुझे चुप कराने के दो ही तरीके हैं। एक मेरी हत्या करा दी जाए, जो पुलिस अधिकारियों का प्लान भी है। दूमरा तरीका है कि विभाग के अंदर चल रहे भ्रष्टाचार, शोषण और अनियमितता को समाप्त करें। होमगार्ड विभाग की तरह पुलिस विभाग में भी भ्रष्टाचार के खिलाफ कमेटी बनाकर मेरी आवाज को बंद किया जा सकेगा। इसके अलावा मेरी आवाज को नहीं बंद किया जा सकता। मुख्यमंत्री जी, आपसे न्याय की उम्मीद है।

### कमिश्नरेट पुलिस ने आरोपों को बताया निराधार

सिपाही सुनील का तीसरा वीडियो वायरल होने के बाद लखनऊ कमिश्नरेट की तरफ से सफाई आई है। पुलिस की तरफ से आधिकारिक बयान में कहा गया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित दबिश अथवा परिजनों से दुर्व्यवहार संबंधी आरोप असत्य एवं निराधार हैं, जिनका स्पष्ट रूप से खंडन किया जाता है। आरक्षी सुनील शुक्ला द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पुलिस के ऊपर कई तरह के आरोप लगाए गए हैं। वस्तुस्थिति यह है कि आरक्षी द्वारा सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए वीडियो के संबंध में प्रचलित जांच के क्रम में उन्हें जांच समिति के समक्ष बयान एवं पक्ष प्रस्तुत करने हेतु ईमेल एवं व्हाट्सएप के माध्यम से नोटिस दिया गया तथा इसी क्रम में पुलिस टीम नोटिस सर्व करने हेतु नियमानुसार उनके आवास पर गई। आरक्षी को निष्पक्ष जांच सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से पूर्ण अवसर प्रदान किया जा रहा है कि वह जांच समिति के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे।

### सा इबर कैफे के लिए निकली युवती लापता, रिपोर्ट दर्ज

- **अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णानगर इलाके में रहने वाली युवती घर से साइबर कैफे जाने के लिए निकली। इसके बाद से वापस घर नहीं पहुंची। परिवार ने काफी तलाश किया। जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। सम्भर खेड़ा बाराबिरवा निवासी ओम के मुताबिक 4 मई सोमवार दोपहर 12 बजे उसकी 23 वर्षीय बहन मंदाकिनी घर से साइबर कैफे जाने की बात कहकर निकली थी। देर शाम तक वापस घर नहीं लौटी और उसका मोबाइल फोन बंद आ रहा था। उसे बहन की खोजबीन के दौरान पता चला कि घर में चावल की टंकी में रखे 80 हजार रुपये गायब हैं। रिश्तेदार हरदोई के लालपुर का रहने वाला राधे से जानकारी हुई कि उनका बेटा प्रेम सागर भी उसी दिन से घर से लापता है। उसका मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है। प्रेम सागर पर बहलाफुसलाकर भगा ले जाने की आशंका जाहिर की है।

### हादसे में युवक की मौत, छह घायल

**अमृत विचार, संवाददाता :** पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर आदमपुर नौबस्ता गांव के पास तेज रफ़्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार सुरेंद्र चौधरी (40) की मौत हो गई। वहीं अन्य छह लोग घायल हो गये। सभी सूरत से बिहार के सीवान जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक गुजरात के सूरत में काम करने वाले सात लोग कार से बिहार के सीवान स्थित बड़दिया माधवपुर जा रहे थे।

गोसाईंगंज के आदमपुर नौबस्ता के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में सुरेंद्र चौधरी की मौत हो गई। उनकी पत्नी तनुजा चौधरी, बेटा निखिल, बेटी मनीषा, निकिता, धीरज चौधरी व उनका बेटा शिवकांत चौधरी घायल हो गए। सभी घायलों को गोसाईंगंज सीएचसी भेजा गया है। जहां धीरज की हालत नाजुक देख ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# दबंगों ने युवती को पीटा, अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गोमतीनगर से चिनहट तक मचाया उत्पात
- पुलिस बोली, पीड़िता ने नहीं की कोई शिकायत

**अमृत विचार :** चिनहट इलाके में रहने वाली युवती को दबंग जीजा-साले ने साथियों के साथ न केवल पीटा बल्कि सामूहिक दुष्कर्म की नियत से अगवा करने का प्रयास किया गया। किसी तरह वहां से भागी तो आरोपियों ने उसका चिनहट तक पीछा किया। घर के बाहर जमकर उत्पात मचाया और अभद्रता की। सोशल मीडिया पर घटना की सूचना प्रसारित होने पर पुलिस सक्रिय हुई। पुलिस के मुताबिक अभी तक पीड़िता ने शिकायत नहीं की है। पुलिस इसे सिर्फ मारपीट का मामला बता रही है।

चिनहट के कंचनपुर मटियारी इलाके की रहने वाली युवती शनिवार देर रात 8 बजे दोस्त के साथ गोमतीनगर स्थित एसआरएस मॉल के पास चाय पीने गयी थी। वह दोस्तों के साथ चाय पी रही थी। इसी दौरान अभय सिंह, उनके जीजा व दो-तीन अन्य लोग वहां पहुंचे। गालियां दी और अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर मारापीटा। वहां से किसी तरह निकली तो आरोपियों ने एसआरएस मॉल के पास उसकी स्कूटी रोक दी। सामूहिक दुष्कर्म की नियत से उसे खींचकर कार में बैठाने का प्रयास किया। विरोध करने पर उसकी दोबारा पिटाई की। किसी तरह युवती वहां से भागकर अपने घर पहुंची।

आरोपियों ने उसका पीछा चिनहट मटियारी तक किया। युवती के घर के बाहर पहुंचे दबंगों ने काफी देर तक उत्पात मचाया। विरोध करने धमकाया। पीड़िता ने देर रात करीब 12.30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। आरोपी पुलिस के पहुंचने से पहले धमकी देते हुए भाग निकले। घटना की जानकारी होने पर चिनहट थाने के दरोगा दीपक कुमार पांडेय टीम के साथ पहुंचे। मामले की जांच शुरू कर दी। दीपक पांडेय ने बताया कि पीड़िता ने कोई तहरीर नहीं दी है। वहीं जांच में मामला मारपीट का सामने आया है। सामूहिक दुष्कर्म के प्रयास की बात सामने आई थी। इसकी पुष्टी नहीं हुई है। अगर पीड़िता कोई तहरीर देती है उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# योग, ध्यान और प्राणायाम कार्यक्षमता बढ़ाने में मददगार

## पुलिस लाइन में आयोजित हुआ मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन पर विशेष प्रशिक्षण शिविर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पुलिसकर्मियों की ड्यूटी चुनौतीपूर्ण और तनावपूर्ण होती है। नियमित योग, ध्यान और प्राणायाम मानसिक शांति के साथ कार्यक्षमता बढ़ाने में मददगार साबित होते हैं। यह जानकारी रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित "मानसिक स्वास्थ्य एवं तनाव प्रबंधन" विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला में विशेषज्ञ ने दी। शिविर का आयोजन पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशलाइज्ड ट्रेनिंग शाखा ने रविवार को किया था। कार्यशाला में यूपी-112 और यातायात पुलिस के 100 से अधिक पुलिकर्मियों ने भाग लिया।

कार्यशाला का आयोजन संयुक्त पुलिस आयुक्त अपराध एवं मुख्यालय अपर्णा कुमार और कानून एवं व्यवस्था बबलू कुमार के निर्देश पर किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला डीसीपी मुख्यालय अमित कुमावत, डीसीपी यातायात रवीना त्यागी, डीसीपी यूपी-112 डॉ. दीक्षा शर्मा की देखरेख में हुआ। संचालन एसीपी सौम्या पांडेय ने किया। मुख्य प्रशिक्षक योगाचार्य डॉ. सुधीर मिश्रा ने पुलिसकर्मियों को तनाव के कारण, उसके प्रभाव और उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम और ध्यान का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। साथ ही आत्मविश्वास बढ़ाने और कठिन परिस्थितियों में मानसिक संतुलन बनाए रखने के टिप्स दिए गए। मानसिक स्वास्थ्य, तनाव नियंत्रण, योग एवं प्राणायाम का महत्व, ड्यूटी के दौरान मानसिक संतुलन बनाए रखने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।



योग का अभ्यास करते पुलिसकर्मी।

फालोअप

एसजीपीजीआई के सफाईकर्मी की हत्या में प्रयुक्त चापड़, ईंट व मृतक का मोबाइल बरामद

# अवैध संबंध के विरोध में हुई थी संविदाकर्मी की हत्या

संवाददाता, सरोजनीनगर

- मुख्य आरोपी गिरफ्तार, किशोर रिश्तेदार भी पकड़ा गया

**अमृत विचार :** एसजीपीजीआई के संविदा सफाईकर्मी सूरज गौतम हत्याकांड में बिजनौर पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में शामिल किशोर रिश्तेदार को भी पकड़ा है। छानबीन में सामने आया कि आरोपी की मां के संविदाकर्मी के अवैध संबंध थे। इसी गुस्से में उसने किशोर संग मिलकर उसकी हत्या का खाका खींचा और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चापड़, खून से सनी ईंट और मृतक का मोबाइल बरामद कर लिया है।

बिजनौर के अशरफनगर निवासी सूरज गौतम (28) शुक्रवार रात करीब 8:30 बजे परिजन से कुछ देर में लौटने की बात कहकर बाइक से निकला था। देर रात तक वापस न लौटने पर मां ने कॉल की थी। उसने जल्दी आने के बात कही। उसके बाद मोबाइल बंद हो गया था। शनिवार सुबह सूरज की बाइक गांव के बाहर सड़क किनारे खड़ी मिली थी। करीब 100 मीटर दूर झील किनारे खाली प्लॉट में उसका खून से लथपथ शव पड़ा मिला था। भाई शुभम की तहरीर पर पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरु की।

डीसीपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि पुलिस की तीन टीमों ने करीब 50 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। छानबीन के दौरान साक्ष्यों के आधार पर शनिवार देर रात पुलिस ने रसूलपुर इठुरिया नाले की पुलिया के पास से बिजनौर स्थित अशरफनगर निवासी अनिल कुमार यादव और उसके 17 वर्षीय रिश्तेदार को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी अनिल ने कबूला कि सूरज के मां से तीन वर्षों से संबंध थे। करीब दो महीने पहले उसने दोनों को रंगेहाथ गलत हालत में देख लिया था। लोकलाज के कारण वह उस समय कुछ नहीं बोला। उसने सूरज को घर आने से मना किया था। इसके बावजूद वह नहीं मान रहा था। इस बात से नाराज होकर अनिल ने रिश्तेदार के साथ मिलकर सूरज की हत्या की साजिश रची।

एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बताया कि 8 मई को अनिल ने सूरज को शराब पार्टी के लिए बुलाया। सूरज के पहुंचने पर शराब मंगाई। इसके तीनों लोग गांव के बाहर झील किनारे खाली प्लॉट पर गए। सूरज को खूब शराब पिलाई। उसके नशे में होने पर चापड़ से उसके चेहरे पर हमला कर दिया। भागने की कोशिश में सूरज गिर पड़ा। जिसके बाद दोनों ने चापड़ और ईंट से उसके सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी।

### हत्या के बाद आरोपी गए थे शादी में

इंस्पेक्टर कपिल गौतम ने बताया कि वारदात के बाद आरोपियों ने सूरज का मोबाइल, हत्या में इस्तेमाल चापड़ और ईंट खेत में फेंक दिया था। इसके बाद खून के धब्बे धोकर दोनों शादी समारोह में शामिल होने पहुंच गए थे। जिससे कि किसी को शक न हो। आरोपी अनिल यादव एक मॉल में स्वीपर का काम करता है। जबकि वारदात में शामिल नाबालिग कक्षा नौ का छात्र है। पुलिस ने नाबालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया है।

# ट्रैफिक सिपाही को बोनट पर लादने वाला चालक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या रोड पर कमता तिराहे के पास कार की बोनट पर ट्रैफिक सिपाही को लादकर 200 मीटर तक फर्राटा भरने वाले चालक सत्यम को चिनहट पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सिपाही की तहरीर पर हत्या के प्रयास, सरकारी कार्य में बाधा समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। घटना के बाद शनिवार को अधिवक्ता के वेश में पहुंचे लोगों के हंगामे और दबाव में पुलिस ने आरोपी चालक को छोड़ दिया था। सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल होने के बाद पुलिस ने आनन-फानन में उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार कार चालक सत्यम वर्मा अयोध्या जनपद के कलंदपुर पूरा इलाके के शिवदार पुर का रहने वाला है। शनिवार को ट्रैफिक सिपाही गौरव बंसल कमता तिराहे पर खड़े डग्गामार वाहनों को हटवा रहा था। इसी दौरान सड़क पर खड़ी कार को देख चालक को बाहर आने को कहा। कार में करीब पांच-छह लोग सवार थे। कार चालक ने सिपाही को टक्कर मारी तो वह बोनट पर गिर गया। इसके बाद चालक ने कार दौड़ा ली थी। बोनट पर लदा सिपाही की चीख पुकार सुनकर साथी पुलिस कर्मियों ने पीछा कर चिनहट तिराहे पर कार रोक ली। सिपाही को बचाया और चालक को धर दबोचा था।

इंस्पेक्टर के मुताबिक आरोपी चालक के खिलाफ सिपाही की हत्या के प्रयास, सरकारी कार्य में बाधा और मोटर व्हीकल एक्ट के उल्लंघन समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### जमीन के नाम पर ठगे 8 लाख, एफआईआर

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा इलाके में जमीन के नाम पर जालसाज ने 8 लाख रुपये ठग लिये। रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने साथियों संग हमला किया था। पीड़ित मोहम्मद कलाम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

छंदोईया निवासी मोहम्मद कलाम के मुताबिक 28 अक्टूबर 2024 को अखिलेश कुमार से भूखंड का सौदा किया। रजिस्ट्रर्ड एग्रीमेंट किया। सौदे के लिए उन्होंने कुल 8 लाख रुपए का भुगतान किया। 4.50 लाख रुपए बैंक खाते और 3.50 लाख रुपए नकद दिए गए। कलाम के अनुसार, जब उन्होंने जमीन पर कब्जा और बैनामा कराने की बात कही तो आरोपी टालमटोल करने लगे। शक होने पर जब उन्होंने जमीन के बारे में जानकारी जुटाई, तो पता चला कि खुद को अखिलेश बताने वाला व्यक्ति असली अखिलेश नहीं था। इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय के मुताबिक तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

# लोक कला उत्सव में मां के साथ बेटियों ने किया नृत्य

## ऋचा मुनालश्री ट्रस्ट के आयोजन में 100 प्रतिभागियों ने गायन, वादन नृत्य में किया प्रतिभाग, 25 महिलाओं ने किया कैटवाक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लुप्त हो रही लोक संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रयासरत ऋचा मुनालश्री ट्रस्ट ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में लोक कला उत्सव का आयोजन कराया। मदर्स डे के उपलक्ष्य में 25 वरिष्ठ महिलाओं ने संध्या रावत के निर्देशन में कैटवॉक किया और मां -बेटियों ने साथ-साथ नृत्य भी किया।

महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही और पूर्व पार्षद हेमा सनवाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम शुरू किया। मुनाल रंगमंडल के कलाकार रंगमंडल प्रमुख मुनालश्री विक्रम बिष्ट के निर्देशन व ऋचा जोशी के संगीत संयोजन में गायन वादन नृत्य के कार्यक्रम हुए। हरदोई से आए मोहम्मद उस्मान हैदर तथा अंकिता सिंह ने मां तू कितनी अच्छी है... गीत पर नृत्य किया। रंग मंडल के कलाकारों ने नृत्य नाटिका कृष्ण लीला गोवर्धन धारण प्रस्तुत की। साक्षी त्रिपाठी के निर्देशन में मानसी सिंह, अदृजा, मंशिका कन्नौजिया, इशिता निगम, वान्या, सान्वी, देवयानी बलूजा, गार्गी सिंघल ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। संस्कृति विभाग से जुड़े कलाकार नीतिका सिंह, हर्षिता बिष्ट, मंदाकिनी बहुगुणा, रंजना शर्मा, अनुपम श्रीवास्तव, दिशा प्रगति फाउंडेशन, हार्ट एंड सौल, नूपुर संस्थान, नृत्यांजलि डांस एकेडमी आदि ने भी प्रस्तुतियां दीं।

अलग-अलग आयु वर्ग के लगभग 100 प्रतिभागियों ने गायन वादन नृत्य की प्रतियोगिता में भाग लिया। यशभारती ऋचा जोशी, परमा जौहरी, विभा नौटियाल आदि ने निर्णय दिया। निधि श्रीवास्तव, सीमा तिवारी, अनुपमा वर्मा, संजना, विवेक कुमार, पुनीत तिवारी, निलेश कुमार, किशन कुमार, उदय, वैशाली आदि मौजूद रहे।

### विद्वानों को सम्मानित भी किया गया

- लोक कला उत्सव में विभिन्न क्षेत्र के विद्वानों को सम्मानित किया गया। जिसमें कथक गुरु रुचि खरे, कैप्टन किरण शुक्ला, शिक्षाविद मंजू घिल्डियाल, समाजसेवी अरुण सक्सेना को अंगवस्त्र, प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र से विक्रम बिष्ट व मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मानसी बिष्ट ने किया।




गोमतीनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के सभागार में मुनालश्री ट्रस्ट की ओर से लोक कला उत्सव में माताओं के साथ नृत्य करतीं बेटियां। अमृत विचार

## अयोध्या में होने वाले प्रशिक्षण वर्ग की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा लखनऊ महानगर की ओर स 16 एवं 17 मई को अयोध्या स्थित राम सेवकपुरम, राम घाट में आयोजित होने वाले दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग कसे लेकर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के अध्यक्षता में रविवार को कैसरबाग स्थित महानगर कार्यालय पर बैठक हुई। इसमें प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं, संगठनात्मक जिम्मेदारियों, कार्यकर्ताओं की सहभागिता व कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। द्विवेदी ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ संगठन को सशक्त बनाने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व विकास, संगठनात्मक दक्षता और वैचारिक मजबूती का महत्वपूर्ण मंच है। अयोध्या की पावन भूमि पर आयोजित यह प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी और मार्गदर्शक सिद्ध होगा।

## सिटी ब्रीफ

### शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर वितरित की दवाइयां

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा क्षेत्र में इंसानियत हॉस्पिटल की ओर से मस्जिद ए मोहम्मदिया परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मौलाना कफील, मौलाना हशमतुल्ला नदवी, शफीक सिद्दीकी, मो. साबिर, फरहान, असजद, रफीक, हाफिज वसी, मौलाना खालिद और हाजी मुश्ताक की देखरेख में आयोजित इस शिविर में मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाइयां भी नि:शुल्क वितरित की गईं। डॉ. एसके वर्मा, डॉ. एस खान, डॉ. अतहर, डॉ. आदिल, साजिद और अनु शर्मा सहित अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान करते हुए मरीजों का परीक्षण और उपचार किया।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए शहीद अब्दुल रफीक

**अमृत विचार, लखनऊ :** साप्ताहिक बाजार व्यापारी कल्याण समिति ने रविवार को साप्ताहिक बाजार के नेता शहीद अब्दुल रफीक खान की पुण्यतिथि पर शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। लगभग 2 दशक पहले साप्ताहिक बाजार के व्यापारियों की समस्याओं को हल कराने की मांग को लेकर अब्दुल रफीक खान ने लखनऊ नगर निगम के सामने आत्मदाह कर लिया था। साप्ताहिक बाजार व्यापारी कल्याण समिति के अध्यक्ष वसी उल्ला आजाद ने इस मौके पर कहा कि शहीद अब्दुल रफीक खान पूरी जिन्दगी साप्ताहिक बाजार के व्यापारियों को न्याय दिलाने के लिए लड़ते रहे। व्यापारियों के अधिकारों के लिए लड़ते हुए वो शहीद हो गए। उन्होंने कहा कि अब्दुल रफीक खान के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हम व्यापारी उन्हीं के दिखाए मार्ग पर चल रहे हैं। इस मौके पर महामंत्री अनिल सक्सेना, मोहम्मद कलीम खान, विनोद कुमार गुप्ता, लक्ष्मण वर्मा, शहजादे, विशाल गुप्ता, रफीक अहमद और मोहम्मद इस्माइल समेत सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

### गौरैया संस्कृति संस्थान की कार्यशाला का समापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** गौरैया संस्कृति संस्थान की ओर से आयोजित लोक संगीत कार्यशाला का रविवार को गायिका इन्दिरा श्रीवास्तव के आवास पर समापन हो गया। दसवें दिन प्रशिक्षुओं ने अलग-अलग पारंपरिक गीतों की माइक पर प्रस्तुति दी। अध्यक्ष रंजना मिश्रा ने बताया कि कार्यशाला का प्रस्तुतीकरण 12 मई को पुराना हनुमान सेतु मंदिर में किया जाएगा। कार्यशाला में विवाह गीत, बधाई गीत, दादरा, पचरा, सोहर, नकटा, सरिया और लोक भजन जैसी विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे लोक संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का प्रयास किया गया। आशा तिवारी, सुनीता चौरसिया, रीना सिंह, कुमकुम मिश्रा, अल्पना श्रीवास्तव, डॉ. सुषमा रस्तोगी, रंजना सिंह, रमा सिंह, सुषमा सक्सेना, नवनीता जफा, अनुराधा गुप्ता, अमिता द्विवेदी, भावना शुक्ला, आभा मिश्रा, आभा शुक्ला, सुनीता निगम, रेनुका त्रिपाठी सहित अनेक महिलाएं शामिल रहीं।

# अनिल बजाज बनाए गए उत्तर प्रदेश कपड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष

## प्रभु जालान महामंत्री और उत्तम कपूर वरिष्ठ उपाध्यक्ष बने

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने अनिल बजाज को उत्तर प्रदेश कपड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोनीत किया है। प्रभु जालान को महामंत्री और कपड़ा एसोसिएशन से जुडे. वरिष्ठ व्यापारी गोपाल अग्रवाल को संगठन का संरक्षक बनाया गया है।

इसके अलावा सुरेश छबलानी, विजय मोतियानी, सुशील गुरनानी, विजय गुलाटी व उत्तम कपूर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, प्रेम बल्लभ रस्तोगी, संदीप अग्रवाल व दीपक अरोड़ा को उपाध्यक्ष, अतुल जैन को संगठन मंत्री और आशु भाटिया, महेश नकरा व श्याम साहनी को मंत्री मनोनीत किया गया है। अध्यक्ष बजाज ने बताया कि जल्द ही प्रांतीय अध्यक्ष कंछल से वार्ता कर प्रदेश और महानगर कपड़ा व्यापार मंडल की पूरी कमेटी की सूची जारी की जाएगी। दरअसल कपड़ा संगठन के प्रमुख रहे अशोक मोतियानी के निधन से पद रिक्त हो गया था। जिस पर नया मनोनयन किया गया है। संगठन के पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवगंत साथी की याद की और उनके सपनों को पूरा करने की बात कही।


अनिल बजाज


प्रभु जालान


उत्तम कपूर


सुरेश छाबलानी

### पिन्टू अध्यक्ष, अखिलेश चुने गए वरिष्ठ महामंत्री

- **अमृत विचार, लखनऊ :** पिन्टू गुप्ता श्री बुद्धेश्वर उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष और अखिलेश यादव वरिष्ठ महामंत्री चुने गए हैं। पिंटू ने 304 और अखिलेश ने 314 मतों के जीत हासिल की। चुनाव अधिकारी राशिद अली और रामशंकर राजपूत ने बताया वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, राजू शुक्ला, शिव कुमार यादव ने जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष अभिषेक, जय गुप्ता, विमर्श गुप्ता, राज कुमार रावत जीते हैं। कोषाध्यक्ष रवीश, मंत्री प्रियांशू गुप्ता और अर्नव तिवारी निर्विरोध संगठन मंत्री निर्वाचित किए गए हैं। राजेंद्र रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया में राजेश शुक्ला, धर्मेन्द्र सिंह पार्षद, ताराचन्द्र रावत, देवीदास अग्रवाल, शिव प्रसाद पाण्डेय, इरशाद अहमद गुड्डू, नीरज शुक्ल एवं विमलेश तिवारी सहित कई पदाधिकारियों ने सहयोग किया।


नव निर्वाचित पदाधिकारी।

### रिंग रोड दुबग्गा इकाई के अध्यक्ष बने मनोज

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ व्यापार मण्डल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने रविवार को रिंग रोड दुबग्गा की नई इकाई का गठन किया। इसमें अंकित पांडेय को चेयरमैन और मनोज चौरसिया को अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा जीवन लाल श्रीवास्तव, वैभव जायसवाल, पंकज यादव, विनीत लोधी, अनिकेत चौरसिया को उपाध्यक्ष और मनीष गुप्ता, सुनील सिंह चौहान, रवि गुप्ता, ओम प्रकाश लोधी को मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। आनन्द शर्मा को कोषाध्यक्ष, निर्मल जायसवाल को संगठन मंत्री और अवनीश विश्वकर्मा को प्रचार मंत्री बनाया गया है।


अंकित पांडेय


मनोज चौरसिया

# बच्चों की लोक नृत्य की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नृत्य डांस एकेडमी की संस्थापक रीना श्रीवास्तव के निर्देशन में भारत के पारंपरिक लोक नृत्य उत्सव का आयोजन कुर्मांचल नगर स्थित्ब उत्तराखंड महा परिषद भवन के मोहन सिंह बिष्ट सभागार में किया गया। यह कार्यक्रम संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ललिता गणेश और विशिष्ट अतिथि गिन्कला सुधीर कुमार थे।

उत्सव की शुरुआत शिव स्तुति से हुई। इसके बाद विभिन्न राज्यों की लोक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं। राजस्थानी, हरियाणवी, बंगाली और कश्मीरी नृत्यों के साथ-साथ एक सजीव संगीत प्रस्तुति भी रही, जिसमें संगीत शिक्षिका प्रीती यादव का विशेष योगदान रहा। इसके साथ ही दीप्ति सिंह कुशवाहा ने छात्रों को दिशा देने और नृत्य की तैयारी में सहायता दी। कार्यक्रम में नृत्य एकेडमी के अलावा कई अन्य संस्थाओं के छात्रों ने भी भाग लिया।

इन प्रतिभाशाली कलाकारों में उन्नति सिंह कुशवाहा, इरा पांडेय, अविका गौर, स्तुति सिंह, मयूरी सिंह, गौरी चौरसिया, मान्या अग्रवाल, लामिका राजे सेठ, इशानी श्रीवास्तव, रिद्धिमा श्रीवास्तव, अवंतिका आनंद चौधरी, आरोही भदौरिया, अनन्या, अग्रिमा आनंद, आकृति कनौजिया, पूर्वी, पावनी, ख्याति, आराध्या श्रीवास्तव, तन्वी सोनल, वैष्णवी दुबे, श्रेया सिंह, मानवी सिंह, तुहिना बापुली, भूमि त्रिपाठी, अन्विका यादव, महिता पांडेय, काश्वी केसरवानी, समायरा पाल, विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव, सीमा मिश्रा, आरोही श्रीवास्तव और सृष्टि पांडेय शामिल थीं। कार्यक्रम का संचालन मान्या अग्रवाल ने किया।



लोक नृत्य उत्सव में प्रस्तुति देतीं बच्चियां। अमृत विचार

## रविवार को 200 लोगों ने बनवाए और सुधरवाए आधार

**अमृत विचार, लखनऊ:** डाक विभाग ने जीपीओ समेत शहर के सात डाकघरों में रविवार को भी आधार कार्ड बनाने का काम शुरू किया है। सुबह 8:00 से शाम 4:00 बजे तक आधार नामांकन और संशोधन के कार्य किए जा रहे हैं। रविवार को 200 लोगों ने नए आधार बनवाए और संशोधन कराया। लखनऊ जीपीओ, चौक प्रधान डाकघर, इंदिरानगर, गोमतीनगर, अलीगंज, राजेंद्र नगर, आलमबाग एवं आवास विकास कॉलोनी के डाकघरों में रविवार को लोग आधार बनवाने पहुंचे थे। इनमें ज्यादातर ने मोबाइल नंबर अपडेट, पता संशोधन एवं बायोमेट्रिक अपडेट कराया। लखनऊ मुख्यालय परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल सुनील कुमार राय ने बताया कि अवकाश के दिन भी आधार सेवाएं उपलब्ध कराए जाने से कामकाजी नागरिकों, वरिष्ठ नागरिकों तथा विद्यार्थियों को विशेष सुविधा प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि डाक विभाग जनहित में सेवाओं को अधिक सुगम एवं सुलभ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।


पुस्तक का विमोचन करते सूर्य कुमार पांडेय, विद्या बिंदु सिंह और अन्य। अमृत विचार

## नीलम राकेश की चार कृतियां लोकार्पित

**अमृत विचार, लखनऊ :** नीलम राकेश की चार कृतियों का लोकार्पण रविवार को उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत अलका अस्थाना की स्वरचित वाणी वंदना से हुई। अध्यक्षता डॉ. सूर्यकुमार पांडेय ने की जबकि पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह मुख्य अतिथि रहे। हिंदी संस्थान की प्रधान संपादक डॉ. अमिता दुबे, वरिष्ठ साहित्यकार संजीव जायसवाल संजय, डॉ. करुणा पांडेय, डॉ. अंजना मिश्रा प्रो. अरविंद मोहन, नम्रता मोहन, अनामिका श्रीवास्तव, मंजु श्रीवास्तव, केवल प्रसाद, सत्यम, नवीन शुक्ल, विनय श्रीवास्तव, गौरी शंकर वैश्य, आलोक कुमार दुबे, हेमलता, सुषमा श्रीवास्तव, डॉ. रमा जैन अग्रवाल, डॉ. शारदा लाल, डॉ. निर्मला सिंह, डॉ. मीरा दीक्षित भी रहीं।

## सिटी डायरी

### कैफ़ी आजमी को याद किया

**अमृत विचार, लखनऊ :** मशहूर शायर कैफ़ी आजमी की 24वीं पुण्यतिथि पर कैफ़ी आजमी अकादमी में याद किया गया। इस मौके पर फिल्म हीर रांझा की झलकियां दिखाई गईं। भारतेंदु नाट्य अकादमी के पूर्व निदेशक सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ ने कहा कि कैफ़ी आजमी ने हीर रांझा के संवाद पद्य में लिखे थे। यह संवाद पारसी थियेटर जैसे नहीं बल्कि यथार्थवादी अभिनय के लिए माकूल थे। कैफ़ी आजमी अकादमी के अध्यक्ष प्रो. अली अहमद फात्मी ने कैफ़ी आजमी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। प्रो. रेशमा परवीन के संचालन में हुए इस आयोजन में प्रो. नलिन रंजन सिंह ने कहा कि फिल्म के संवाद में रूमानियत है तो चुटीलापन भी है। लोकधर्मी नाटकीयता का भी उन पर असर है। प्रो. खान अहमद फारूख ने कहा यह फिल्म उर्दू कविता पंजाबी लोक परंपरा और आधुनिक सिनेमा का एक अनोखा संगम है। प्रो. अली अहमद फात्मी, उदयभान यादव, प्रो. नदीम हसनैन, प्रो. रेशमा परवीन ने भी विचार रखे।


गुफ्तगू करते भारतेंदु नाट्य एकेदमी के पूर्व डायरेक्टर सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ प्रो. नलिन रंजन सिंह।


नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ संयुक्त परिषद के पदाधिकारी।

### महेंद्र प्रताप अध्यक्ष व दिवाकर बने महासचिव

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय टीबी क्लीनिक राजेंद्र नगर में रविवार को उत्तर प्रदेश टीबी कंट्रोल इम्प्लाइज एसोसिएशन की प्रांतीय कार्यकारिणी के द्विवार्षिक चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। चुनाव अधिकारी डॉ. आनंद कुमार सिंह ने बताया महेंद्र प्रताप अध्यक्ष, दिवाकर वीवीए गुप्ता महासचिव, धर्मेंद्र कुमार को सचिव, ललित कुमार उपाध्यक्ष और अश्वनी कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। नव-निर्वाचित अध्यक्ष महेंद्र प्रताप और महासचिव दिवाकर गुप्ता ने कहा कि नई कार्यकारिणी बीसीजी टेक्नीशियन और बीसीजी टीम लीडर से जुड़ी लंबित मांगों को प्राथमिकता से आगे बढ़ाएगी। इनमें वेतन विसंगति, पदनाम परिवर्तन, कैडर पुनर्गठन, कार्य एवं दायित्वों का पुनर्निर्धारण तथा रिक्त पदों पर भर्ती जैसी प्रमुख समस्याएं शामिल हैं।


चारबाग रेलवे स्टेशन के बाहर प्रदर्शन करते ऐक्टू पदाधिकारी।

### ऐक्टू ने चारबाग में की प्रतिवाद सभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** नोएडा समेत देश के तमाम औद्योगिक क्षेत्रों के आन्दोलनकारी श्रमिकों पर पुलिस की कार्रवाई से के विरोध में ऐक्टू ने चारबाग रेलवे स्टेशन से मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को लोको चौकी के सामने रोक दिया। वहां एक घंटे की प्रतिवाद सभा के बाद प्रदर्शनकारियों ने एसीपी विकास जायसवाल को आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत ऑल इंडिया सेंट्रल काउन्सिल ऑफ ट्रेड यूनियन्स (ऐक्टू) के प्रदेश उपाध्यक्षडॉ. राजेश सिंह, डॉ. एसएस जैदी, संगठन मंत्री राणा प्रताप सिंह, सहसचिव देवानन्द के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। भाकपा (माले) के रमेश सिंह सेंगर, राधेश्याम मौर्य भी शामिल रहे।


कार्यशाला में प्रशिक्षण लेते बच्चे।

### पाठशाला में सिखाए अभिनय के गुर

**अमृत विचार, लखनऊ :** मदर सेवा संस्थान की ओर से कोटवा, बख्शी का तालाब स्थित चबूतरा थियेटर पाठशाला में युवाओं के लिए एक विशेष नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात कथाकार मुंशी प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानी सुभागी का नाट्य पाठ किया गया। संचालन प्रसिद्ध युवा रंगकर्मी और फिल्म अभिनेता महेश चंद्र देवा ने किया। 20 से अधिक बच्चों और युवाओं को थियेटर की बारीकियों से रूबरू कराया गया।

## रुपहला पर्दा

**बेटियों और महिलाओं के परिवार के प्रति भावनात्मक संघर्ष को प्रदर्शित करने वाली है फिल्म**

# मदर्स डे पर हुई फिल्म जरा सी धूप की स्क्रीनिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ बायोस्कोप ने मदर्स डे के अवसर पर फ़िल्म ज़रा सी धूप की स्क्रीनिंग का आयोजन किया। कैसरबाग स्थित सनतकदा में रविवार को आयुषी अग्रवाल द्वारा निर्मित फिल्म ज़रा सी धूप की स्क्रीनिंग हुई। यह एक भावनात्मक पारिवारिक फ़िल्म है, जो एक युवा लड़की पियाली और उसकी मां नीलम के रिश्ते को दर्शाती है। फ़िल्म के पीछे की प्रेरणा के बारे में बात करते हुए आयुषी अग्रवाल ने कहा कि मां और बेटी के बीच एक बहुत ख़ास रिश्ता होता है और मैं उसी को दिखाना चाहती थी।

उन्होंने बताया कि यह फ़िल्म उनकी दिवंगत मासी को समर्पित है, जिनकी मज़बूत इच्छाशक्ति और सकारात्मक सोच ने इस कहानी को गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि वह लंबे समय तक गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझती रहीं, लेकिन जीवन के प्रति उनका दृष्टिकोण हमेशा बहुत सकारात्मक था। वहीं से ज़रा सी धूप शीर्षक आया। यह फ़िल्म बेटियों और महिलाओं द्वारा परिवार के लिए किए जाने वाले भावनात्मक संघर्षों और त्याग को संवेदनशील और वास्तविक तरीके से प्रस्तुत करती है। स्क्रीनिंग के बाद आयुषी अग्रवाल के साथ एक रोचक चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें दर्शकों ने फ़िल्म के विषय, निर्माण प्रक्रिया और उसकी भावनात्मक गहराई पर बातचीत की।


स्क्रीनिंग के दौरान कलाकार। अमृत विचार

### कौन हैं आयुषी अग्रवाल

- आयुषी अग्रवाल भारत की एक मल्टीडिसिप्लिनरी फ़िल्ममेकर हैं। कम्युनिकेशन डिज़ाइन में स्नातक शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने वर्ष 2021 में लंदन फ़िल्म स्कूल से सिनेमैटोग्राफ़ी की पढ़ाई की। वर्तमान में वह क्रिएटिव डायरेक्शन, प्रोडक्शन डिज़ाइन, स्क्रीनराइटिंग, प्रोड्यूसिंग और सिनेमैटोग्राफ़ी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तिगत और क्लाइंट आधारित प्रोजेक्ट्स पर कार्य कर रही हैं।

## सिटी ब्रीफ

### पुलिस ने दो चोरों को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर विस्तार पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। गोमती नगर विस्तार इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी बाघामऊ के अजीत रावत और शोभित यादव हैं। इंस्पेक्टर ने बताया कि इन लोगों ने अपने साथियों के साथ मिलकर शालीमार वन वर्ल्ड से स्ट्रीट लाइट पोल चोरी किये थे। आरोपी के पास से एक एल्युमिनियम का पोल बरामद हुआ है। इस मामले में शालीमार कॉर्प लि. के प्रमुख सुरक्षा अधिकारी सुमंत सिंह ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इंस्पेक्टर के मुताबिक, इन लोगों ने साथियों के संग मिलकर 72 पोल चोरी किए हैं।

### कैशियर ने हड़प लिए 10 लाख रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** बख्शी का तालाब के सीतापुर रोड स्थित नवी कोट नंदना में ब्राइट फोर व्हील्स सेल्स प्राइवेट लिमिटेड की टू वैल्यू शाखा में तैनात कैशियर ने 10.18 लाख रुपये हड़प लिये। इसका खुलासा कंपनी के लेनदेन के ऑडिट में हुआ। पुष्टि होने के बाद शोरूम के मैनेजर ने बीकेटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पाण्डेगंज निवासी कुंवर सौन्दर्य प्रकाश के मुताबिक मेसर्स ब्राइट फोर व्हील्स सेल्स प्राइवेट लिमिटेड की टू वैल्यू शाखा, नवी कोर्ट नंदना, सीतापुर रोड में सामान्य प्रबंधक हैं। उनके मुताबिक शाखा में रवि शंकर शुक्ला कैशियर के पद पर कार्यरत था। उसका काम ग्राहकों से प्राप्त धनराशि कंपनी के खाते में जमा कराना था। आरोप है कि 11 मार्च 2024 को क्लोजिंग के बाद हुए ऑडिट में रिकॉर्ड और कैश का मिलान किया गया। जांच में कुल 15.10 लाख रुपये प्राप्त होना दर्शाया गया। मौके पर केवल 4.92 लाख रुपये ही मिले। इस तरह 10.18 लाख रुपये की कमी सामने आई। पूछताछ में आरोपी ने लिखित रूप से रकम गबन करने की बात स्वीकार की थी। आरोप है कि गबन पूर्व नियोजित तरीके से कूटरचित दस्तावेजों के जरिए किया गया। इंस्पेक्टर बीकेटी संजय कुमार सिंह के मुताबिक मैनेजर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# यूपी पुलिस ने जीते टेबल टेनिस में दोनों वर्गों के खिताब

## पुरुष वर्ग के फाइनल में मिजोरम को 3-0 और महिला वर्ग में 3-1 से हराया, बैडमिंटन के प्री क्वार्टर फाइनल में भी पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन क्लस्टर प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुलिस ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में टेबल टेनिस के खिताब पर कब्जा जमाया। बैडमिंटन में पुरुष और महिला टीमों ने प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह भी पक्की कर ली।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के टेबल टेनिस कॉम्प्लेक्स में खेले गए पुरुष वर्ग के फाइनल में यूपी पुलिस ने मिजोरम को 3-0 से पराजित किया। युगल में सुब्रत राज और अरविंद चौधरी की जोड़ी ने एच लाल पुनिया और अल्बर्ट एलसी को 11-3, 12-10, 11-5 से शिकस्त दी। राहुल चौधरी ने कड़े मुकाबले में आर लालसांगजुआला को हराया, जबकि अरविंद चौधरी ने अल्बर्ट एलसी को मात देकर यूपी को चैंपियन बनाया।





टेबल टेनिस मैच में अंक के लिए संघर्ष करतीं महिला खिलाड़ी और पुरुष वर्ग बैडमिंटन के युगल मैच में शॉट लौटाते खिलाड़ी। अमृत विचार

महिला वर्ग के फाइनल में यूपी पुलिस ने मणिपुर को 3-1 से पराजित किया। सृष्टि जायसवाल और गुनगुन साहू की जोड़ी ने युगल मुकाबला जीतकर टीम को बढ़त दिलाई। प्रियंका अरोड़ा को एकल मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा, लेकिन गुनगुन साहू और सृष्टि जायसवाल ने अपने-अपने एकल मैच जीतकर यूपी को खिताब दिला दिया। उधर, यूपी बैडमिंटन अकादमी में चल रही बैडमिंटन प्रतियोगिता में भी मेजबान टीमों का शानदार प्रदर्शन जारी है। पुरुष टीम ने पहले दिल्ली को 2-0 और फिर असम राइफल्स को 2-1 से हराकर अंतिम-16 में प्रवेश किया। वहीं महिला टीम ने मणिपुर और सीआईएसएफ को 2-0 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह सुनिश्चित कर ली।

### बिजली कटौती से परेशान रहे लोग

**अमृत विचार, लखनऊः** शहर के कई इलाकों में लगातार हो रही बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ती जा रही है। महानगर, चौक, सरोजनीनगर, गोमतीनगर विस्तार, जानकीपुरम, मड़ियांव, आलमबाग, गुडंबा समेत कई क्षेत्रों में रविवार को दो घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। वहीं अहिबरनपुर, फैजुल्लागंज, विकासनगर, निशातगंज, नादरगंज और सुगामऊ इलाकों में लो-वोल्टेज ने लोगों को बेहाल कर दिया। लो वोल्टेज के चलते कई क्षेत्रों में टुल्लू पंप न चल पाने के कारण लोग पानी संकट से जूझने पर मजबूर रहें। सुगामऊ निवासी पंकज ने बताया कि सप्लाई आने के बाद भी वोल्टेज इतना कम रहता है कि एसी, कूलर, फ्रिज, टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को चलाना मुश्किल हो जाता है। वहीं पानी की समस्या से निपटने के लोग अन्य विकल्पों की तलाश में भटकने पर मजबूर हो जाते है।

# चैंपियन ऑफ चैंपियंस अकादमी बनी विजेता

## 28 स्वर्ण, 16 रजत और 12 कांस्य जीते, द टाउन्स कराटे अकादमी बनी उप विजेता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** चैंपियन ऑफ चैंपियंस कराटे अकादमी ने द्वितीय शोतोकान कराटे कप चैंपियनशिप में ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर ली। अकादमी ने 28 स्वर्ण, 16 रजत और 12 कांस्य समेत 56 पदक अपने नाम किए।

कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के देखरेख में रविवार को चौक स्टेडियम स्थित लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित प्रतियोगिता में शहर की विभिन्न अकादमियों और स्कूलों के करीब 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। द टाउन्स कराटे अकादमी ने 23 स्वर्ण, 14 रजत और 11 कांस्य सहित कुल 48 पदक जीतकर उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया। वहीं नाइन जूपिटर कराटे अकादमी ने 19 स्वर्ण, 11 रजत और पांच कांस्य पदकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सीएमएस गोल्फ सिटी, सीएमएस राजाजीपुरम, दशमेश पब्लिक स्कूल, स्वर्णिम पब्लिक स्कूल, एमआर जयपुरिया स्कूल सहित कई अकादमियों और क्लबों के खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। विभिन्न स्पर्धाओं में प्रद्युम्न पांडेय, ओमिशा श्रीवास्तव, अभिनव वर्मा, ऋत्विज सिंह, हेतिका श्रीवास्तव, दीपांशी राणा, पाश्वी पटेल, आशवी चौधरी, अश्विक आनंद, दीपशिखा, आशुतोष गुप्ता, मुस्कान सक्सेना, नंदिनी, नारायण दीप, रन्या बाजपेयी, अस्मिता और सानवी श्रीवास्तव ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि रमेश कुमार (पीसीएस), जनरल मैनेजर, कोऑपरेटिव शुगर मिल फेडरेशन, लखनऊ के साथ विशिष्ट अतिथि वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान कराटे फेडरेशन इंडिया के अध्यक्ष क्योशी जसपाल सिंह ने किया।



प्रतियोगिता के दौरान अंक के लिए संघर्ष करतीं खिलाड़ी।

# सफलता के लिए अनुशासन और मेहनत जरूरी : खालिद रशीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से ऐशबाग ईदगाह में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए। इस समारोह में लगभग 300 विद्यार्थियों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें सीएमएस, ला मार्टिनियर कॉलेज, क्राइस्ट चर्च कॉलेज, कैथेड्रल कॉलेज, द लखनऊ पब्लिक कॉलेजिएट, सेंट मेरी इंटर कॉलेज और शाहीन अकादमी जैसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी शामिल थे। इस अवसर पर इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा कि सफलता के लिए अनुशासन और मेहनत को सबसे जरूरी बताया। उन्होंने बताया कि समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि लखनऊ को इस बात पर गर्व होना चाहिए कि यहां ऐसे उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान हैं जो बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यही विद्यार्थी भविष्य में देश के अधिकारी, शिक्षक, व्यापारी और नेता बनेंगे तथा भारत की तरक्की और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। विद्यार्थियों का सम्मान डॉ. जावेद आलम खान, राजेन्द्र सिंह बग्गा, सिराज मेहदी, मोइद अहमद, ज़ेबा गुफरान, राकेश छत्री, सैयद शोएब, शेहला हक़, डॉ. सऊद-उल-हसन, डॉ. शारिक हबीब, डॉ. अंसार, नदीम अशरफ जायसी, हरपाल सिंह एवं मजहर अल्वी ने किया।




मौलाना फिरंगी महली के साथ पुरस्कृत किए गए बच्चे।



परीक्षा के बाद केंद्र से बाहर निकलते अभ्यर्थी। अमृत विचार

# 12114 अभ्यर्थियों ने छोड़ी पीजीटी प्रवक्ता परीक्षा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** पीजीटी प्रवक्ता परीक्षा रविवार को दूसरे दिन 29 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की गई। दोनों पालियों में 12114 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा के लिए 22060 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक आयोजित पहली पाली की परीक्षा में पंजीकृत 11645 में से मात्र 4171 अभ्यर्थी शामिल हुए। जबकि 7474 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दोपहर 2:30 से शम 4:30 बजे तक आयोजित दूसरी पाली की परीक्षा के लिए पंजीकृत 10415 में से 4640 अभ्यर्थी ही परीक्षा में बैठे। जबकि 5775 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा की नोडल अधिकारी अपर जिलाधिकारी प्रशासन शुभी सिंह ने बताया कि परीक्षा सकुशल सम्पन्न हो गई। एपीसेन गर्ल्स इंटर कॉलेज और केकेवी इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर निकले अभ्यर्थियों ने बताया कि पेपर आसान था। हाई मैरिट जाने की संभावना है।

# सीएएल सुपर किंग्स, पाइरेट्स और रॉयल्स सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**क्रिकेट**

**अमृत विचारः** सीएएल सुपर किंग्स, सीएएल पाइरेट्स और सीएएल रॉयल्स की टीमें रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं।

लखनऊ क्रिकेट एसोसिएशन (सीएएल) के देखरेख में खेले जा रहे एपी स्पोर्ट्स ट्रॉफी रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला क्वार्टर फाइनल मैच एसएमआर क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया। इसमें सीएए एलिट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कार्तिकेय यादव के 64 रनों की बदौलत 24.5 ओवर में 163 रन बनाए। सुपर किंग्स की ओर से विशेष तिवारी ने तीन विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएएल सुपर किंग्स ने कप्तान राघव निगोतिया और हर्षित वर्मा की शानदार बल्लेबाजी के दम पर 23.4 ओवर में छह विकेट खोकर मैच जीत लिया। हर्षित वर्मा ने 43 रन बनाए, जबकि राघव निगोतिया को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन और तीन विकेट लेने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। यश साहनी क्रिकेट ग्राउंड पर दूसरा मैच सीएएल रॉयल्स और लीजेंड्स के बीच हुआ। इसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए रॉयल्स ने 25 ओवर में आठ विकेट पर 188 रन बनाए। दिवित अग्रवाल ने 57 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि अनंत मिश्रा ने 48 रन जोड़े। जवाब में लीजेंड्स की टीम 21 ओवर में 116 रन पर ऑलआउट हो गई। रॉयल्स ने यह मुकाबला 72 रनों के बड़े अंतर से अपने नाम किया। दिवित अग्रवाल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।ब्लेज विलो गोमती नगर ग्राउंड पर खेले गए मुकाबले में सीएएल मेवरिक्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 23.3 ओवर में 133 रन बनाए। अंशुमान ने 28 रनों का योगदान दिया। सीएएल पाइरेट्स की ओर से अथर्व सिंह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट हासिल किए। जवाब में पाइरेट्स ने रोमांचक मुकाबले में 20.4 ओवर में सात विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अविराज मेहरा ने 36 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए अथर्व सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## सिटी डायरी



किशोरियों के साथ पुलिसकर्मी।

### जागरूकता अभियान चलाया

**अमृत विचार, गोसाईगंज :** थाना गोसाईगंज की मिशन शक्ति टीम ने रविवार को कस्बा बाजार में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा व हेल्पलाइन नंबर्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं को साइबर क्राइम से बचाव, गुड टच-बैड टच, महिला हेल्पडेस्क व मिशन शक्ति केंद्र की जानकारी दी गई।महिला उपनिरीक्षक सोनम राय के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम ने बाजार पहुंचकर महिलाओं व बालिकाओं को संबोधित किया। टीम ने बताया कि 54 थानों पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं, जहां महिला संबंधी सभी शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाता है। कार्यक्रम में बालिकाओं को गुड टच व बैड टच की सरल भाषा में समझाया।



ज्ञापन सौंपते किसान नेता।

### किसान महासम्मेलन की तैयारियां तेज

**अमृत विचार, गोसाईगंज :** भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) की जिला कैंप कार्यालय रहमतनगर, लखनऊ में रविवार को बैठक हुई। इसमें 17 मई 2026 को रवींद्रालय चारबाग, लखनऊ में प्रस्तावित किसान महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश प्रभारी उत्तर प्रदेश (मध्य) सुनील कुमार वर्मा, युवा प्रदेश अध्यक्ष धीरेंद्र रावत, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव कुमार, प्रदेश महामंत्री जितेंद्र बहादुर सिंह, प्रदेश प्रवक्ता जन्मेजय सिंह, प्रदेश मीडिया प्रभारी पवन कुमार गुप्त, प्रदेश संगठन मंत्री रवींद्र यादव समेत जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव, युवा जिला अध्यक्ष राजकमल यादव, महिला जिला प्रभारी प्रेमावती, नबीहुन खान सहित सैकड़ों किसान शामिल रहे।



मृतक के घर शोक जताने पहुंचे नेता।

### परिजन को बंधाया ढांढस

**अमृत विचार, माल :** नबीपनाह में सेप्टिक टैंक में दम घुटने से मजदूर रिंकू व राजेश की मौत मामले में दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के सभापति डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने रिववार को घर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बांधाया और सरकार से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। डॉ लालजी प्रसाद निर्मल ने बताया कि,पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तत्काल राहत दी जाएगी। दैवीय आपदा से भी चार लाख रुपए दिए जाएंगे। कृषक बीमा योजना के तहत पांच लाख की योजना है।इसके अतिरिक्त सीवर में जो मौतें होती हैं,उसके लिए भारत सरकार के नियमानुसार तीस लाख की राशि का प्रावधान है।




कार्यक्रम के दौरान महिलाएं, किशोरियां और बच्चे।

### महिलाओं, किशोरियों को किया जागरूक

**अमृत विचार, काकोरी :** मदर्स डे के अवसर पर सामाजिक संस्था इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया की ओर से काकोरी, पारा, शिवरी, दसदोई और हैदरगंज में संचालित पहल परिवर्तन केंद्र पर महिलाओं व किशोरियों को जागरूक किया। बच्चों और किशोरियों ने माताओं के प्रति सम्मान, प्रेम और आभार व्यक्त करते हुए कार्ड और संदेश प्रस्तुत किए। साथ ही महिलाओं की भूमिका, संघर्ष, त्याग और परिवार व समाज में उनके योगदान पर चर्चा की गई।

**क्रिकेट** | सनराइजर्स हैदराबाद के जीशान अंसारी और एलएसजी की नमन तिवारी को अभी तक नहीं मिला खेलने का मौका

# आईपीएल में चमकने की प्रतीक्षा में लखनऊ के दो सितारे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** आईपीएल में लखनऊ के क्रिकेट प्रेमियों की नजरें शहर के दो युवा गेंदबाजों लेग स्पिनर जीशान अंसारी और तेज गेंदबाज नमन तिवारी पर टिकी हैं। दोनों खिलाड़ी अपनी-अपनी टीमों का हिस्सा तो हैं, लेकिन अब तक प्लेइंग इलेवन में नियमित मौका नहीं मिलने से फैंस मायूस हैं। जीशान अंसारी सनराइजर्स हैदराबाद और नमन तिवारी एलएसजी से जुड़े हैं।

जीशान ने पिछले कुछ वर्षों में घरेलू क्रिकेट और यूपी टी-20 लीग में शानदार प्रदर्शन कर खुद को साबित किया है। आईपीएल मेगा ऑक्शन में सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें 40 लाख रुपये में खरीदा था। यूपी टी-20 लीग में उन्होंने 12 मैचों में 24 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज का तमगा हासिल किया था। घरेलू क्रिकेट में भी उनका प्रदर्शन लगातार प्रभावशाली रहा। विजय हजारे ट्रॉफी 25-26 में उन्होंने उत्तर प्रदेश के लिए आठ मैचों में 21 विकेट लेकर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा। जीशान के कोच गोपाल सिंह का मानना है कि टीम प्रबंधन को नॉकआउट मुकाबलों में उन्हें मौका देना चाहिए। उनके अनुसार, जीशान मैच जिताने की क्षमता रखते हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स ने युवा तेज गेंदबाज नमन तिवारी को एक करोड़ रुपये में टीम से जोड़ा। अंडर-19 विश्व कप-24 में भारत के लिए 12 विकेट लेने वाले नमन टीम के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज रहे थे। पिछले दो सत्रों तक नेट गेंदबाज रहने के बाद इस बार उन्हें मुख्य स्क्वॉड में जगह मिली है। यूपी टी-20 लीग 2025 में नोएडा सुपर किंग्स के लिए 19 विकेट लेकर नमन ने अपनी दावेदारी और मजबूत की। करीब 140 किमी प्रति घंटा की रफ्तार और सटीक इनस्विंग उनकी सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है।

### फैंस को मौके का इंतजार

- एसआरएच जहां प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुई है, वहीं चेन्नई सुपर किंग्स से हार के बाद एलएसजी लगभग बाहर हो चुकी है। ऐसे में क्रिकेट प्रेमियों को उम्मीद है कि बचे मुकाबलों में टीम प्रबंधन युवा खिलाड़ियों को मौका देगा। खासकर घरेलू मैदान पर नमन तिवारी को अंतिम एकादश में शामिल किए जाने की संभावना जताई जा रही है। लखनऊ के क्रिकेट फैंस को भरोसा है कि जब भी जीशान और नमन को मौका मिलेगा, दोनों अपने प्रदर्शन से न सिर्फ टीम को मजबूती देंगे बल्कि शहर का नाम भी रोशन करेंगे।




नमन तिवारी और जीशान अंसारी।